ukekdu---------------

# › महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## दूर शिक्षा निदेशालय

## सत्रांत/वार्षिक परीक्षा, जून-जुलाई 2018

पाठ्यक्रम का नाम : एम. ए. हिन्दी

अध्ययन सत्र : 2016-18 एवं 2017-19 (प्रथम वर्ष – प्रथम सेमेस्टर)

प्रश्न-पत्र क्रमांक : 01

प्रश्न पत्र का नाम : प्रारम्भिक हिन्दी काव्य (MAHD – 01)

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश : बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सभी प्रश्नों, लघु उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

### बहुविकल्पीय प्रश्न

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 01 : 'दोहा कोश' के रचयिता कौन हैं ?

(क) विरुपा

(ख) लुइपा

(ग) सरहपा

(घ) कण्हपा

प्रश्न 02 : पृथ्वीराज रासो किस संवाद पर आधारित है ?

(क) शुक-शुकी संवाद

(ख) भृंग-भृंगी संवाद

(ग) पुरुष-स्त्री संवाद

(घ) देव-पुरुष संवाद

प्रश्न 03 : 'अभिनव जयदेव' किसे कहा जाता है ?

(क) पृथ्वीराज चौहान को

(ख) चंदबरदायी को

(ग) विद्यापति को

(घ) अमीर खुसरो को

प्रश्न 04 : अमीर खुसरो को 'अमीर' की उपाधि से विभूषित करने वाले शासक थे –

(क) मुहम्मद-बिन-तुगलक

(ख) जलालुद्दीन खिलजी

(ग) शेरशाह सूरी

(घ) कुतुबुद्दीन ऐबक

*प्रश्न जारी ...⇒*

प्रश्न 05 : अमीर खुसरो के गुरु का नाम क्या था ?

(क) हज़रत निज़ामुद्दीन औलिया रहमतुल्लाह

(ख) ख़्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती

(ग) वली दकनी वली

(घ) शेख नसीरुद्दीन मोहम्मद चिराग-ए-दिल्ली

**लघु उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 200 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 03 =15)

प्रश्न 06 : अपभ्रंश-प्रभाव से मुक्त किन्हीं 05 हिन्दी-रचनाओं का नामोल्लेख कीजिए।

प्रश्न 07 : 'पृथ्वीराज रासो' में वर्णित अनेक तथ्य काल्पनिक और जनुश्रुतियाँ मात्र हैं। किन्हीं पाँच उन तथ्यों को चिह्नित कीजिए जो गवेषणा उपरान्त निर्मूल सिद्ध होते हैं।

प्रश्न 08 : 'पृथ्वीराज रासो' की प्रामाणिकता-अप्रामाणिकता में विद्वानों के बीच पर्याप्त मतभेद है। पृथ्वीराज रासो को प्रामाणिक, अप्रामाणिक अथवा अर्धप्रामाणिक मानने वाले किन्हीं पाँच विद्वानों एवं उनकी मान्यता का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 09 : राधा और कृष्ण के प्रेम को विद्यापति किस रूप में रूपायित करते हैं। संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 10 : अमीर खुसरो की रचना 'खालिकबारी' की प्रामाणिकता की समस्या पर विचार करने वाले किन्हीं 05 विद्वानों एवं उनकी मान्यता का उल्लेख कीजिए।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 800 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 =45)

प्रश्न 11 : "आदिकालीन मुक्तक काव्य नीति, शृंगार और सुभाषितपरक दोहों की त्रिवेणी है।" प्रमाण सहित व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 12 : 'कथानक रूढ़ि' का क्या आशय है ? 'पृथ्वीराज रासो' में वर्णित कथानक रूढ़ियों का विवेचन कीजिए।

प्रश्न 13 : 'पृथ्वीराज रासो' में वर्णित मार्मिक प्रसंगों का संक्षिप्त उल्लेख करते हुए मूल कथानक को विस्तार दीजिए।

प्रश्न 14 : 'पदावली' की भाषा एवं अलंकार-विधान की मीमांसा कीजिए।

प्रश्न 15 : खड़ी बोली के विकास में खुसरो के योगदान की विवेचना कीजिए।

❖❖❖

ukekdu --------------------

# › महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## दूर शिक्षा निदेशालय

## सत्रांत/वार्षिक परीक्षा, जून-जुलाई 2018

पाठ्यक्रम का नाम : एम. ए. हिन्दी

अध्ययन सत्र : 2016-18 एवं 2017-19 (प्रथम वर्ष – प्रथम सेमेस्टर)

प्रश्न-पत्र क्रमांक : 02

प्रश्न पत्र का नाम : हिन्दी उपन्यास एवं कहानी (MAHD – 02)

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश : बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सभी प्रश्नों, लघु उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

### बहुविकल्पीय प्रश्न

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 01 : होरी के गाँव का क्या नाम है ?

(क) सेमरी (ख) बेलारी

(ग) अरीगेय (घ) शिवपालगंज

प्रश्न 02 : रिक्त स्थान की पूर्ति हेतु दिए गए विकल्पों में से **उचित** विकल्प का चयन कीजिए –

"कहानी अमृतसर के भीड़ भरे बाजार से शुरू होकर ........... की धरती पर सिख राइफल्स के जांबाज जमादार लहनासिंह के बलिदान पर समाप्त होती है।"

(क) स्पेन (ख) इटली

(ग) फ्रांस (घ) जर्मनी

प्रश्न 03 : "फ़कत सात कहानियों का संग्रह 'परिंदे' निर्मल वर्मा की ही पहली कृति नहीं है बल्कि जिसे हम 'नई' कहानी कहना चाहते हैं, उसकी भी पहली कृति है।" उक्त प्रसिद्ध कथन किस आलोचक का है ?

(क) नामवर सिंह (ख) मैनेजर पाण्डेय

(ग) नन्ददुलारे वाजपेयी (घ) रामविलास शर्मा

प्रश्न 04 : 'हीली-बोन् की बत्तखें' कहानी के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा कथन **असत्य** है –

(क) इस कहानी की कथावस्तु का केन्द्रीय हिस्सा पारिवारिकता की खोज है।

(ख) व्यक्तिगत इयत्ता की खोज इस कहानी की कथावस्तु का एक बड़ा आयाम है।

(ग) इतिहास और संवेदना का संगुम्फन इस कहानी की कथावस्तु का एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण आयाम है।

(घ) इस कहानी में गोंड जनजाति के ऐतिहासिक सन्दर्भ आते हैं जो मोतीहारी, बिहार के कुछ क्षेत्रों में निवास करती है।

*प्रश्न जारी ...⟹*

प्रश्न 05 : ‘बाणभट्ट की आत्मकथा’ उपन्यास के समापन क्रम में किस नारी ने प्राण विसर्जन किया है ?

(क) भट्टिनी (ख) निपुणिका

(ग) सुचरिता (घ) महामाया

**लघु उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 200 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 03 =15)

प्रश्न 06 : ‘गोदान’ में वर्णित कृषक-समस्या को रेखांकित कीजिए।

प्रश्न 07 : निपुणिका अथवा भट्टिनी के चारित्रिक वैशिष्ट्य को उजागर करने वाली कोई पाँच विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 08 : कफ़न कहानी के आलोक में विषमतामूलक सामाजिक व्यवस्था के भयावह दुष्परिणामों को चिह्नित कीजिए।

प्रश्न 09 : जैनेन्द्र ने अपने रचनात्मक कौशल और मनोवैज्ञानिक सूझ-बूझ के बूते पात्रों की आंगिक चेष्टाओं के माध्यम से उनके मनोभावों का प्रत्यक्षीकरण कराया है। सप्रमाण पुष्टि कीजिए।

प्रश्न 10 : निम्न मध्यमवर्गीय परिवार एवं समाज के यथार्थ की प्रासंगिकता के सन्दर्भ में ‘दोपहर का भोजन’ कहानी का मूल्यांकन कीजिए।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 800 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 =45)

प्रश्न 11 : ‘हीली-बोन की बत्तखें’ कहानी की मूल संवेदना क्या है ? यह कहानी स्त्री-यथार्थ के किन पक्षों पर उद्घाटित करती है ? विचारपूर्वक विश्लेषण कीजिए।

प्रश्न 12 : “’टूटना’ स्त्री-पुरुष सम्बन्धों के विघटन की गाथा है।” कहानी में अभिव्यक्त स्त्री-पुरुष सम्बन्धों के आधार पर उक्त कथन का आकलन कीजिए।

प्रश्न 13 : “ ‘अमृतसर आ गया है ...’ कहानी में साम्प्रदायिकता की विभीषिका का यथार्थ चित्रण हुआ है।” सप्रमाण मूल्यांकन कीजिए।

प्रश्न 14 : ‘मलबे का मालिक’ कहानी में आए संकेत कितने प्रभावी हैं ? क्या मोहन राकेश को संकेतों के माध्यम से निहितार्थ स्पष्ट करने में सफलता मिली है ? युक्तियुक्त उत्तर दीजिए।

प्रश्न 15 : ‘बादलों के घेरे’ कहानी में सम्बन्धों के बेमुरव्वतपन का जो चित्रण किया गया है, उसका विश्लेषण कीजिए।

❖❖❖

ukekdu -----------------

# › महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

**दूर शिक्षा निदेशालय**

**सत्रांत/वार्षिक परीक्षा, जून-जुलाई 2018**

पाठ्यक्रम का नाम : एम. ए. हिन्दी

अध्ययन सत्र : 2016-18 एवं 2017-19 (प्रथम वर्ष – प्रथम सेमेस्टर)

प्रश्न-पत्र क्रमांक : 03

प्रश्न पत्र का नाम : भारतीय काव्यशास्त्र (MAHD – 03)

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश : बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सभी प्रश्नों, लघु उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 01 : "अबला जीवन हाय तुम्हारी यहीं कहानी
आँचल में है दूध और आँखों में पानी।"
– 'यशोधरा' की ये पंक्तियाँ किस लक्षणा का उदाहरण हैं ?
(क) गौणी का (ख) शुद्धा का
(ग) सारोपा का (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

प्रश्न 02 : 'काव्यादर्श' के प्रणेता कौन हैं ?
(क) भरत (ख) वामन
(ग) दण्डी (घ) भामह

प्रश्न 03 : दण्डी ने गुणों का विवेचन किस ग्रन्थ में किया है ?
(क) काव्यालंकार (ख) काव्यादर्श
(ग) व्यक्ति विवेक (घ) दशरूपक

प्रश्न 04 : 'रीति' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया ?
(क) मम्मट (ख) भरत
(ग) आनन्दवर्धन (घ) वामन

प्रश्न 05 : शैली का अंग्रेजी पर्याय है –
(क) MEANING (ख) STYLE
(ग) PROSE (घ) ART

*प्रश्न जारी ...⇒*

**लघु उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 200 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 03 =15)

प्रश्न 06 : काव्य-हेतु के कितने प्रकार हैं ? नामोल्लेख करते हुए किसी एक पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

प्रश्न 07 : वक्रोक्तिवाद तथा अभिव्यंजना सिद्धान्त के साम्य अथवा वैषम्य को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 08 : गुणीभूत व्यंग्य के कितने भेद हैं। नामोल्लेख कीजिए।

प्रश्न 09 : भरत का रस-सूत्र लिखिए और रस-सूत्र के व्याख्याकारों तथा उनके द्वारा प्रतिपादित मत का नामोल्लेख कीजिए।

प्रश्न 10 : साधारणीकरण का क्या अभिप्राय है ? संक्षेप में अपना मत प्रकट कीजिए।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 800 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 =45)

प्रश्न 11 : संस्कृत काव्यशास्त्रियों के अनुसार काव्य-लक्षण पर विचार कीजिए।

प्रश्न 12 : व्यंजना शब्दशक्ति की परिभाषा देते हुए इसके भेदों का विवेचन कीजिए।

प्रश्न 13 : आचार्यों की अलंकार विषयक स्थापनाओं को समझाकर लिखिए।

प्रश्न 14 : वैदर्भी, गौड़ी और पांचाली रीतियों की आधारभूत विशेषताओं का परिचय दीजिए ।

प्रश्न 15 : औचित्य सिद्धान्त का विवेचन कीजिए।

❖❖❖

ukekdu ------------------

# › महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## दूर शिक्षा निदेशालय

## सत्रांत/वार्षिक परीक्षा, जून-जुलाई 2018

| | |
|---|---|
| पाठ्यक्रम का नाम | : एम. ए. हिन्दी |
| अध्ययन सत्र | : 2016-18 एवं 2017-19 (प्रथम वर्ष – प्रथम सेमेस्टर) |
| प्रश्न-पत्र क्रमांक | : 04 |
| प्रश्न पत्र का नाम | : हिन्दी साहित्य का इतिहास – 1 (MAHD – 04) |

समयावधि : **03** घंटे                                                                 पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश : बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सभी प्रश्नों, लघु उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

### बहुविकल्पीय प्रश्न

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 01 : आलवार भक्तों की कुल संख्या है :

(क) 12

(ख) 09

(ग) 05

(घ) 08

प्रश्न 02 : पुष्टिमार्ग के प्रणेता आचार्य हैं –

(क) वल्लभाचार्य

(ख) मध्वाचार्य

(ग) रामानन्द

(घ) रामानुजाचार्य

प्रश्न 03 : तुलसीदास के राम का स्वरूप है –

(क) लोकरक्षक एवं लोकरंजक

(ख) मर्यादापुरुषोत्तम एवं लीलापुरुषोत्तम

(ग) लोकरंजक एवं लीलापुरुषोत्तम

(घ) लोकरक्षक एवं मर्यादापुरुषोत्तम

प्रश्न 04 : बौद्धमत का एक उपसम्प्रदाय है –

(क) व्यवहारनय

(ख) मंत्रयान

(ग) सर्वेश्वरवाद

(घ) रामसनेही सम्प्रदाय

*प्रश्न जारी ...⇒*

प्रश्न 05 : सूफी काव्य में प्रयुक्त छन्द हैं –

(क) रोला और उल्लाला

(ख) छप्पय और चौपाई

(ग) सोरठा और पद

(घ) दोहा और चौपाई

**लघु उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 200 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 03 =15)

प्रश्न 06 : आदिकाल के लिए विभिन्न विद्वानों द्वारा सुझाए गए नामों का उल्लेख करते हुए बताइए कि आपके अनुसार उनमें-से सर्वाधिक उपयुक्त नाम कौन सा है और क्यों ?

प्रश्न 07 : किसी एक रासो काव्य का सारगर्भित परिचय दीजिए।

प्रश्न 08 : निर्गुण परंपरा के प्रमुख संतों का नामोल्लेख करते हुए किसी एक निर्गुण संत की ब्रह्म विषयक धारणा का उदाहरण सहित परिचय दीजिए।

प्रश्न 09 : तुलसी के समाज-दर्शन वर्तमान परिप्रेक्ष्य में किस प्रकार प्रासंगिक है ?

प्रश्न 10 : भक्ति-आन्दोलन में किसी एक भक्त कवयित्री के योगदान पर प्रकाश डालिए।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 800 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 =45)

प्रश्न 11 : सिद्ध-नाथ एवं जैनादि कवियों की मानववादी विचारधारा एवं साहित्यिक अवदान की मीमांसा कीजिए।

प्रश्न 12 : भक्तिकाव्य के परिप्रेक्ष्य में निर्गुण और सगुण भक्ति के साम्य और वैषम्य को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 13 : सन्त कवियों नें सभी प्रकार की संकीर्णताओं, बाहयचारों एवं रूढ़ियों का विरोध करते हुए मानवतावाद का सन्देश देकर सभी प्राणियों को एक समान धरातल पर प्रतिष्ठित करने का कार्य किया है। सन्त कवियों की सामाजिक चेतना पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 14 : हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन की परम्परा का उल्लेख करते हुए उसमें रामचन्द्र शुक्ल के योगदान की श्रेष्ठता स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 15 : रामचन्द्र शुक्ल की इतिहास-दृष्टि को स्पष्ट कीजिए।

❖❖❖

नामांकन........................

# › महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## दूर शिक्षा निदेशालय

## सत्रांत/वार्षिक परीक्षा, जून-जुलाई 2018

पाठ्यक्रम का नाम : एम. ए. हिन्दी

अध्ययन सत्र : 2016-18 एवं 2017-19 (प्रथम वर्ष – प्रथम सेमेस्टर)

प्रश्न-पत्र क्रमांक : 05 (विकल्प - 1)

प्रश्न पत्र का नाम : प्रयोजनमूलक हिन्दी (MAHD – 05)

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश : बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सभी प्रश्नों, लघु उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

### बहुविकल्पीय प्रश्न

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 01 : प्रयोजनमूलक भाषा की संरचनात्मक विशेषताओं के सन्दर्भ में **सही** विकल्प का चयन कीजिए :-

(क) प्रयोजनमूलक भाषा के प्रयोग-सन्दर्भ अनिश्चित होते हैं। प्रयोजनमूलक भाषा की प्रकृति अनौपचारिक होती है।

(ख) प्रयोजनमूलक भाषा की प्रकृति ‘सूचना प्रधान’ होती है। प्रयोजनमूलक भाषा में केवल अभिधात्मक-प्रयोग ही मान्य हैं।

(ग) प्रयोजनमूलक भाषा में केवल ऐसे वाक्यों का प्रयोग ही सम्भव है जिनका एक से अधिक अर्थ निकलता हो।

(घ) प्रयोजनमूलक भाषा में अकर्तृवाच्य (कर्मवाच्य) के प्रयोग नहीं मिलते हैं।

प्रश्न 02 : केन्द्रीय एवं प्रान्तीय सरकारों को हिन्दी के विकास सम्बन्धित योजनाओं पर परामर्श देने वाली संस्था की पहचान कीजिए –

(क) साहित्य अकादमी

(ख) केंद्रीय हिंदी शिक्षण संस्थान

(ग) भारतीय भाषा केंद्रीय संस्थान

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

प्रश्न 03 : हिन्दी दिवस कब मनाया जाता है?

(क) 14 जनवरी

(ख) 14 अप्रैल

(ग) 14 सितंबर

(घ) 14 नवंबर

*प्रश्न जारी ...⇒*

प्रश्न 04 : दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा का मुख्यालय स्थित है –

(क) हैदराबाद ` (ख) बंगलूरू
(ग) चेन्नई (घ) मैसूर

प्रश्न 05 : पाठ के सभी भाषिक स्तरों का अनुवाद कहलाता है –

(क) सारानुवाद (ख) भावानुवाद
(ग) पूर्ण अनुवाद (घ) लिप्यन्तरण

**लघु उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 200 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 03 =15)

प्रश्न 01 : प्रयोजनमूलक हिन्दी से क्या अभिप्राय है ? उसकी संरचनात्मक विशेषताएँ बताइए।

प्रश्न 02 : बोली और भाषा के आधारभूत अंतर को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 03 : राजभाषा को परिभाषित करते हुए उसकी प्रमुख विशेषताएँ बताइए ।

प्रश्न 04 : राजभाषा के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए व्यावहारिक स्तर पर कौन-कौन सा उपाय किया जाना कारगर सिद्ध होगा। कतिपय प्रमुख उपाय सुझाइए।

प्रश्न 05 : राजभाषा कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु किन-किन विधियों को अपनाया जाता है ?

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 800 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 =45)

प्रश्न 01 : शब्दावली निर्माण के लिए स्वीकृत सिद्धान्तों को सूचीबद्ध कीजिए।

प्रश्न 02 : राजभाषा सम्बन्धी वार्षिक वित्त प्रबन्धन की महत्त्वपूर्ण चुनौतियों का उल्लेख करते हुए उनका समाधान सुझाइए।

प्रश्न 03 : राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए भारत सरकार द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

प्रश्न 04 : स्रोत भाषा और लक्ष्य भाषा को स्पष्ट करते हुए अनुवाद प्रक्रिया के सैद्धान्तिक स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 05 : अनुवाद कार्य एवं प्रक्रिया में अनुवादक को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है ? आधारभूत चुनौतियों की चर्चा कीजिए ।

❖❖❖

ukekdu --------------------

# › महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## दूर शिक्षा निदेशालय

## सत्रांत/वार्षिक परीक्षा, जून-जुलाई 2018

| | |
|---|---|
| पाठ्यक्रम का नाम | : एम. ए. हिन्दी |
| अध्ययन सत्र | : 2016-18 एवं 2017-19 (प्रथम वर्ष – प्रथम सेमेस्टर) |
| प्रश्न-पत्र क्रमांक | : 05 (विकल्प - 2) |
| प्रश्न पत्र का नाम | : लोक साहित्य (MAHD – 06) |

समयावधि : **03** घंटे | पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश : बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सभी प्रश्नों, लघु उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

### बहुविकल्पीय प्रश्न

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 01 : भोजपुरी का शेक्सपियर किसे कहा जाता है ?

**(क)** राजा भोज
**(ख)** भिखारी ठाकुर
**(ग)** राहुल सांकृत्यायन
**(घ)** सर जॉर्ज ग्रियर्सन

प्रश्न 02 : लोरिकायन है –

(क) लोकगीत
(ख) लोकनाटक
(ग) प्रकीर्ण साहित्य
(घ) लोकगाथा

प्रश्न 03 : आल्हा की मूल भाषा है –

(क) अवधी
(ख) ब्रज
(ग) बघेली
(घ) बुन्देली

प्रश्न 04 : माच का अर्थ है –

(क) स्वाँग
(ख) नाटक
(ग) लोरिक
(घ) मंचन

*प्रश्न जारी ...⇒*

प्रश्न 05 : भारतीय लोकगाथा का प्रथम संकलन किया –

(क) स्विनर्टन ने

(ख) कर्नल जेम्स टॉड ने

(ग) एल.पी. टेसीटोरी ने

(घ) देवेन्द्र सत्यार्थी ने

**लघु उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 200 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 03 =15)

प्रश्न 06 : लोक-साहित्य-संकलन के लिए अपेक्षित किन्हीं पाँच कौशल विधियों का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 07 : किन्हीं पाँच प्रसिद्ध लोक-नाट्यों का प्रामाणिक परिचय दीजिए।

प्रश्न 08 : विभिन्न वर्गों में वर्गीकृत किन्हीं पाँच लोकोत्सवों का वैशिष्ट्य सोदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

प्रश्न 09 : माँडणा, मेहँदी, पटचित्र, भित्तिचित्र को किसके अन्तर्गत परिगणित किया जाता है ? इनमें से किसी एक का सारगर्भित परिचय देते हुए उनमें निहित सौन्दर्य और मांगलिक भावनाओं की परख कीजिए।

प्रश्न 10 : सांगीतिक दृष्टि एवं वाद्य के बजाने के ढंग के आधार परलोकवाद्य-यंत्रों को वर्गीकृत कीजिए।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 800 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 =45)

प्रश्न 11 : विभिन्न प्रकार के लोक गीतों का परिचय देते हुए उनका सामाजिक महत्त्व प्रतिपादित कीजिए।

प्रश्न 12 : लोक नृत्यों की प्रस्तुति को प्रभावित करने वाले कारकों को उद्घाटित करते हुए लोक नृत्यों की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 13 : प्रकीर्ण साहित्य के अन्तर्गत स्वीकार्य विविध विधाओं में से किसी एक विधा पर सारगर्भित निबन्ध लिखिए।

प्रश्न 14 : लोक-साहित्य संकलन-संग्रह-प्रेरणा देने वाले एवं लोक-साहित्य अनुसंधान में अग्रणी विद्वानों का अवदान निरूपित कीजिए।

प्रश्न 15 : ‘कथक्कड़’ किसे कहते हैं ? लोककथा कथन में कथक्कड़ की भूमिका प्रतिपादित कीजिए।

❖❖❖

ukekdu----------------

# › महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## दूर शिक्षा निदेशालय

## सत्रांत/वार्षिक परीक्षा, जून-जुलाई 2018

पाठ्यक्रम का नाम : एम. ए. हिन्दी

अध्ययन सत्र : 2016-18 एवं 2017-19 (प्रथम वर्ष – द्वितीय सेमेस्टर)

प्रश्न-पत्र क्रमांक : 01

प्रश्न पत्र का नाम : मध्यकालीन हिन्दी काव्य (MAHD – 07)

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश : बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सभी प्रश्नों, लघु उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

### बहुविकल्पीय प्रश्न

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 01 : कबीर को 'भाषा का डिक्टेटर' कहने वाले आलोचक हैं –

(क) नन्ददुलारे वाजपेयी

(ख) रामचन्द्र शुक्ल

(ग) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(घ) रामविलास शर्मा

प्रश्न 02 : जायसी की काव्यभाषा है –

(क) उर्दू

(ख) अरबी

(ग) अवधी

(घ) फ़ारसी

प्रश्न 03 : उचित क्रम को पहचानिए –

(क) सुन्दरकाण्ड>अयोध्याकाण्ड >अरण्यकाण्ड >किष्किन्धाकाण्ड

(ख) किष्किन्धाकाण्ड >सुन्दरकाण्ड>अयोध्याकाण्ड >अरण्यकाण्ड

(ग) अरण्यकाण्ड >किष्किन्धाकाण्ड >सुन्दरकाण्ड>अयोध्याकाण्ड

(घ) अयोध्याकाण्ड >अरण्यकाण्ड >किष्किन्धाकाण्ड >सुन्दरकाण्ड

प्रश्न 04 : सूरदास रचित तीन उपलब्ध ग्रन्थ हैं –

(क) सूरसागर, सूरसारावली, कृष्णगीतावली

(ख) सूरसागर, सूरसारावली, सुदामाचरित

(ग) सूरसागर, सूरसारावली, साहित्यलहरी

(घ) सूरसागर, सूरसारावली, वृन्दावनमाधुरी

*प्रश्न जारी …⇒*

प्रश्न 05 : रामचंद्रिका में कुल अध्याय हैं –

(क) 16 प्रभाव

(ख) 39 प्रकाश

(ग) 07 काण्ड

(घ) 53 सर्ग

**लघु उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 200 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 03 =15)

प्रश्न 06 : उलटबांसी का क्या अभिप्राय है? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 07 : कबीर के राम और तुलसी के राम में साम्य और वैषम्य का संक्षिप्त विश्लेषण कीजिए।

प्रश्न 08 : पद्मावत में अभिव्यंजित भावात्मक तथा साधनात्मक रहस्यवाद का सप्रसंग परिचय दीजिए।

प्रश्न 09 : बिहारी की कविता में अभिव्यंजित हावों और अनुभावों के विधान का सोदाहरण परिचय दीजिए।

प्रश्न 10 : घनानन्द की विरह भावना की सोदाहरण सारगर्भित संक्षिप्त विवेचना कीजिए।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 800 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 =45)

प्रश्न 11 : "निर्गुण सन्त कवियों की अनुभव वाणी में उनके दार्शनिक विचार अत्यन्त सरल तथा सीधी-सादी भाषा में अभिव्यक्त हुए हैं।" उक्त कथन की पुष्टि करते हुए सन्त कवियों के ब्रह्म, जीव, जगत् एवं माया सम्बन्धी विचारों की विवेचना कीजिए।

प्रश्न 12 : "सूरदास के काव्य में जितनी सहृदयता एवं भावुकता है, प्रायः उतनी ही चतुरता और वाग्विदग्धता भी।" भ्रमरगीत से उपयुक्त उद्धरण देते हुए उक्त कथन की मीमांसा कीजिए।

प्रश्न 13 : अयोध्याकाण्ड में वर्णित प्रमुख कथा-प्रसंगों को उचित क्रम में प्रदर्शित करते हुए विस्तार दीजिए।

प्रश्न 14 : "केशव के काव्य में स्थान-स्थान पर जिस क्लिष्टता व नीरसता के दर्शन होते हैं, उसने केशव को हृदयहीन कवि के रूप में प्रतिष्ठित कर दिया है। यही कारण है कि आलोचकों ने इन्हें 'कठिन काव्य का प्रेत' की संज्ञा दे डाली है।" उक्त मत के सन्दर्भ में केशव के काव्य की मीमांसा कीजिए।

प्रश्न 15 : "भूषण राष्ट्रीय भावों के गायक है। उनकी वाणी पीड़ित प्रजा के प्रति एक अपूर्व आश्वासन है। भूषण के वीर काव्य ने पूरे राष्ट्र में राष्ट्रीय भावना संचरित करने का प्रयास किया।" उक्त कथन के आलोक में भूषण की राष्ट्रीय भावना की सोदाहरण विवेचना कीजिए।

❖❖❖

ukekdu ----------------

# › महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## दूर शिक्षा निदेशालय

## सत्रांत/वार्षिक परीक्षा, जून-जुलाई 2018

पाठ्यक्रम का नाम : एम. ए. हिन्दी

अध्ययन सत्र : 2016-18 एवं 2017-19 (प्रथम वर्ष – द्वितीय सेमेस्टर)

प्रश्न-पत्र क्रमांक : 02

प्रश्न पत्र का नाम : हिन्दी नाटक एवं रंगमंच(MAHD – 08)

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश : बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सभी प्रश्नों, लघु उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

### बहुविकल्पीय प्रश्न

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 01 : 'कार्नेलिया' और 'एलिस' किस नाटक के स्त्री पात्र हैं ?

(क) अन्धेरनगरी (ख) चन्द्रगुप्त

(ग) अन्धा युग (घ) मर्चेन्ट ऑफ वेनिस

प्रश्न 02 : 'अन्धायुग' किस महाकाव्य पर आधारित है ?

(क) रामायण (ख) महाभारत

(ग) रामचरितमानस (घ) साकेत

प्रश्न 03 : "सेत सेत सब एक से, जहाँ कपूर कपास।
ऐसे देस कुदेस में, कबहुँ न कीजे बास॥"

'अन्धेरनगरी' नाटक में यह किसकी उक्ति किसके द्वारा कथित है –

(क) गोबरधनदास (ख) राजा

(ग) महन्त (घ) नारंगीवाली

प्रश्न 04 : 'अन्धेरनगरी' किस प्रकार का नाटक है ?

(क) एकालाय (ख) प्रहसन

(ग) गीतिनाट्य (घ) नौटंकी

प्रश्न 05 : 'अन्धा युग' के पाँचवे अंक का शीर्षक क्या है ?

(क) कौरव नगरी

(ख) प्रभु की मृत्यु

(ग) विजय : एक क्रमिक आत्महत्या

(घ) गान्धारी का शाप

*प्रश्न जारी ...⟹*

**लघु उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 200 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 03 =15)

प्रश्न 06 : भारतेन्दु-युगीन नाटकों की भाषा के स्वरूप का विवेचन कीजिए।

प्रश्न 07 : 'महन्त' ने अपने शिष्य 'गोबरधनदास' की प्राणरक्षा करने के लिए कौन-सी युक्ति अपनाई ? निरूपण कीजिए।

प्रश्न 08 : 'चन्द्रगुप्त' नाटक में वर्णित अन्तर्द्वन्द्व के महत्त्व और स्थान को रेखांकित कीजिए।

प्रश्न 09 : 'अन्धा युग' के आधार पर 'अश्वत्थामा' की चारित्रिक विशिष्टताओं को उजागर कीजिए।

प्रश्न 10 : आधुनिक संदर्भों में 'अन्धायुग' की कथावस्तु की संक्षिप्त विवेचना कीजिए।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 800 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 =45)

प्रश्न 11 : "हिन्दी नाटक और रंगमंच की आधारशिला रखने का श्रेय भारतेन्दु को जाता है।" उक्त कथन की विवेचना कीजिए।

प्रश्न 12 : नाट्य-निर्देशकों के 'अन्धेरनगरी' के प्रति तीव्र आकर्षण की कारण-मीमांसा प्रस्तुत कीजिए।

प्रश्न 13 : हिन्दी नाट्य साहित्य की क्रमिक विकास-यात्रा का परिचय देते हुए उसमें जयशंकर प्रसाद के योगदान को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 14 : 'अन्धा युग' के चरित्रों की प्रतीकात्मकता का उल्लेख करते हुए नाटक में वर्णित मूल्य-संघर्ष की प्रासंगिकता का आकलन कीजिए।

प्रश्न 15 : 'अन्धा युग' के प्रमुख पात्रों की चरित्रगत विशेषताओं का विवेचन कीजिए।

❖❖❖

ukekdu-----------------

# › महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## दूर शिक्षा निदेशालय

## सत्रांत/वार्षिक परीक्षा, जून-जुलाई 2018

| | |
|---|---|
| पाठ्यक्रम का नाम | : एम. ए. हिन्दी |
| अध्ययन सत्र | : 2016-18 एवं 2017-19 (प्रथम वर्ष – द्वितीय सेमेस्टर) |
| प्रश्न-पत्र क्रमांक | : 03 |
| प्रश्न पत्र का नाम | : पाश्चात्य काव्यशास्त्र (MAHD – 09) |

समयावधि : **03** घंटे　　　　पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश : बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सभी प्रश्नों, लघु उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 01 : अरस्तू के अनुसार त्रासदी के कुल कितने घटक हैं ?

(क) 02　　(ख) 04
(ग) 05　　(घ) 06

प्रश्न 02 : लोंजाइनस के चिंतन का स्वरूप है –

(क) विद्रोही　　(ख) यथार्थवादी
(ग) मानवतावादी　　(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 03 : "कविता तीव्र मनोवेगों का सहज उच्छल है।" यह मत किस विचारक का है ?

(क) प्लेटो　　(ख) अरस्तू
(ग) लोंजाइनस　　(घ) विलियम वर्ड्सवर्थ

प्रश्न 04 : 'बायोग्राफिया लिटरेरिया' के रचयिता हैं –

(क) अरस्तू　　(ख) विलियम वर्ड्सवर्थ
(ग) सैम्युअल टेलर कॉलरिज　　(घ) मैथ्यू आर्नल्ड

प्रश्न 05 : "कविता जीवन की आलोचना है।" यह मत किसका है ?

(क) कॉलरिज　　(ख) मैथ्यू आर्नल्ड
(ग) लोंजाइनस　　(घ) विलियम वर्ड्सवर्थ

*प्रश्न जारी ...⇒*

**लघु उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 200 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 03 =15)

प्रश्न 06 : अरस्तू का 'अनुकृति सिद्धान्त' प्लेटो से किन सन्दर्भों में भिन्न है ?

प्रश्न 07 : कॉलरिज के 'कल्पना सिद्धान्त' की संक्षिप्त समीक्षा कीजिए।

प्रश्न 08 : टी. एस. एलियट के 'निर्वैयक्तिकता के सिद्धान्त' की सारगर्भित संक्षिप्त विवेचना कीजिए।

प्रश्न 09 : फ्रांस की राज्य-क्रान्ति और स्वच्छन्दतावाद का क्या सम्बन्ध है ?

प्रश्न 10 : विलियम वर्ड्सवर्थ के अनुसार "कविता प्रबल मनोवेगों का सहज उत्प्रवाह है।" कैसे ?

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 800 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 =45)

प्रश्न 11 : काव्य में उदात्त मूल्यों का पक्ष लेने वाले महान विचारक लोंजाइनस के काव्य सिद्धान्त का विस्तृत विवेचन कीजिए।

प्रश्न 12 : आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने 'अभिव्यंजना सिद्धान्त' को 'भारतीय वक्रोक्तिवाद का विलायती उत्थान' कहा है। क्या इन दोनों मतों को एक ही कोटि में रखना तर्कसंगत है ? उक्त दोनों सिद्धान्तों के साम्य तथा वैषम्य को स्पष्ट करते हुए अपना मत रखिए।

प्रश्न 13 : आई. ए. रिचर्ड्स द्वारा प्रतिपादित 'मनौवैज्ञानिक मूल्य का सिद्धान्त' और 'सम्प्रेषण का सिद्धान्त' की विस्तारपूर्वक मीमांसा कीजिए।

प्रश्न 14 : साहित्य में 'उत्तरआधुनिकतावाद' के तत्त्वों की 'आधुनिकतावाद' के तत्त्वों से भिन्नता प्रदर्शित करते हुए उत्तरआधुनिक रचनाओं में प्रस्तुत विषय-वास्तु (थीम्स) और तकनीकों को विश्लेषित कीजिए।

प्रश्न 15 : "महान काव्य के लिए विषयवस्तु उदात्त होनी चाहिए और शैली भव्य।" मैथ्यू आर्नल्ड के इस कथन पर प्रकाश डालिए।

❖❖❖

ukekdu ------------------------

# › महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## दूर शिक्षा निदेशालय

## सत्रांत/वार्षिक परीक्षा, जून-जुलाई 2018

पाठ्यक्रम का नाम : एम. ए. हिन्दी

अध्ययन सत्र : 2016-18 एवं 2017-19 (प्रथम वर्ष – द्वितीय सेमेस्टर)

प्रश्न-पत्र क्रमांक : 04

प्रश्न पत्र का नाम : हिन्दी साहित्य का इतिहास – 2 (MAHD – 10)

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश : बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सभी प्रश्नों, लघु उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

### बहुविकल्पीय प्रश्न

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 01 : रीतिकाल का नामकरण ‘शृंगारकाल’ करने वाले विद्वान हैं –

(क) मिश्र बन्धु

(ख) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(ग) आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

(घ) डॉ॰ रमाशंकर शुक्ल

प्रश्न 02 : रानी केतकी की कहानी / उदयभान चरित के रचयिता हैं –

(क) सदासुखलाल

(ख) इंशा अल्ला खाँ

(ग) लल्लू लाल

(घ) सदल मिश्र

प्रश्न 03 : सन् 1903 में ‘सरस्वती’ पत्रिका के संपादक थे –

(क) श्यामसुंदरदास

(ख) महावीरप्रसाद द्विवेदी

(ग) चिन्तामणि घोष

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

प्रश्न 04 : कालखण्ड की दृष्टि से छायावाद की पूर्वापर समय-सीमा है -

(क) सन् 1893 से 1918 तक

(ख) सन् 1918 से 1936 तक

(ग) सन् 1936 से 1942 तक

(घ) सन् 1943 से 1954 तक

*प्रश्न जारी ...⇒*

प्रश्न 05 : निम्नलिखित में से कौन ऐतिहासिक उपन्यासकार के रूप में प्रख्यात हैं –

(क) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(ख) फणीश्वरनाथ रेणु

(ग) प्रेमचंद

(घ) जैनेन्द्र

**लघु उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 200 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 03 =15)

प्रश्न 06 : रीतिमुक्त कवि, रीतिबद्ध एवं रीतिसिद्ध कवियों में भिन्नता प्रकट कीजिए। वर्गों में विभक्त करते हुए प्रमुख कवियों का नामोल्लेख कीजिए।

प्रश्न 07 : प्रगतिवादी साहित्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए।

प्रश्न 08 : प्रेमचन्द को उपन्यास सम्राट क्यों कहते हैं ?

प्रश्न 09 : शुक्लयुगीन आलोचना के वैशिष्ट्य को रेखांकित कीजिए।

प्रश्न 10 : खड़ी बोली गद्य के विकास में फोर्ट विलियम कॉलेज की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 800 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 =45)

प्रश्न 11 : द्विवेदीयुगीन हिन्दी कविता की ऐतिहासिक भूमिका की पुष्टि कीजिए।

प्रश्न 12 : "'प्रयोगवाद' और 'नई कविता' पूर्ववर्ती कविता से भिन्न है।" स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 13 : नयी कहानी के विकास में प्रमुख महिला कथाकारों के योगदान पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 14 : शुक्लोत्तरयुगीन प्रमुख निबन्धकारों की रचनाशीलता पर विचार करते हुए मूल्यांकन कीजिए कि विचार और शैली की दृष्टि से ये निबन्धकार शुक्लजी से कैसे भिन्न हैं ?

प्रश्न 15 : छायावाद के कवि और उनके काव्यगत वैशिष्ट्य की परिचयात्मक विवेचना कीजिए।

❖❖❖

ukekdu -----------------------

# › महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## दूर शिक्षा निदेशालय

## सत्रांत/वार्षिक परीक्षा, जून-जुलाई 2018

पाठ्यक्रम का नाम : एम. ए. हिन्दी

अध्ययन सत्र : 2016-18 एवं 2017-19 (प्रथम वर्ष – द्वितीय सेमेस्टर)

प्रश्न-पत्र क्रमांक : 05 (विकल्प - 1)

प्रश्न पत्र का नाम : हिन्दी पत्रकारिता (MAHD – 11)

समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

---

**निर्देश : बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सभी प्रश्नों, लघु उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 01 : "यदि कुत्ता आदमी को काट ले तो ये समाचार नहीं है लेकिन विपरीत स्थिति में यह समाचार बन जाता है।" – यह कथन निम्नलिखित में से किसका है ?

(क) एम. वी. कामथ (ख) फिराक गोरखपुरी

(ग) चार्ल्स डाना (घ) मकबूल अहमद

प्रश्न 02 : 'हरिजन सेवक' का प्रथम प्रकाशन वर्ष पहचानिए –

(क) 1921 ई. (ख) 1930 ई.

(ग) 1933 ई. (घ) 1919 ई.

प्रश्न 03 : इंग्लैंड से प्रकाशित होने वाला हिन्दी का पहला पत्र कौन-सा था ?

(क) सौरभ (ख) हिन्दोस्थान

(ग) विश्व भारती (घ) राजदूत

प्रश्न 04 : उत्तर प्रदेश से प्रकाशित पहला हिन्दी समाचारपत्र है –

(क) भविष्य (ख) कर्मवीर

(ख) सैनिक (घ) बनारस अखबार

प्रश्न 05 : प्रसार भारती अधिनियम 1990 किस कमेटी के सुझावों पर आधारित है –

(क) चन्दा कमेटी

(ख) वर्गीज कमेटी

(ग) राजाध्यक्ष कमेटी

(घ) मैकब्राइट कमीशन

*प्रश्न जारी ...⇒*

**लघु उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 200 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 03 =15)

प्रश्न 06 : 'हिन्दी पत्रकारिता की भाषा नई चाल में ढली' से क्या तात्पर्य है ?

प्रश्न 07 : गैर-हिन्दी भाषी प्रदेशों से प्रकाशित हिन्दी पत्र-पत्रिकाओं के नाम लिखिए।

प्रश्न 08 : दक्षिण भारत के प्रमुख हिन्दी पत्रकारों के महत्त्वपूर्ण योगदान का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 09 : सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन द्वारा सम्पादित पत्र-पत्रिकाओं का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 10 : गणेश शंकर 'विद्यार्थी' की पत्रकारिता का वैशिष्ट्य रेखांकित कीजिए।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 800 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 =45)

प्रश्न 11 : हिन्दी की प्रमुख आंचलिक पत्र-पत्रिकाओं का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 12 : शासकीय गोपनीयता अधिनियम पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 13 : भारतीय स्वतन्त्रता संघर्ष में हिन्दी पत्रकारिता के विविध योगदान पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 14 : माखनलाल चतुर्वेदी की पत्रकारीय दृष्टि पर विस्तारपूर्वक विवेचना कीजिए।

प्रश्न 15 : डिजीटल संचार-साधनों के बारे में विस्तार से बताइए ?

❖❖❖

ukekdu -----------------------

# › महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## दूर शिक्षा निदेशालय

## सत्रांत/वार्षिक परीक्षा, जून-जुलाई 2018

पाठ्यक्रम का नाम : एम. ए. हिन्दी
अध्ययन सत्र : 2016-18 एवं 2017-19 (प्रथम वर्ष – द्वितीय सेमेस्टर)
प्रश्न-पत्र क्रमांक : 05 (विकल्प - 2)
प्रश्न पत्र का नाम : हिन्दी अनुप्रयोग : तकनीकी संसाधन एवं उपकरण (MAHD – 12)
समयावधि : **03** घंटे पूर्णांक : **70**

**निर्देश : बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सभी प्रश्नों, लघु उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में से 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

### बहुविकल्पीय प्रश्न

(सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 02 × 05 =10)

प्रश्न 01 : निम्नलिखित में से कौन-सा एक फॉन्ट नहीं है –

(क) Kruti Dev (ख) Sharda
(ग) Shivaji (घ) Unicode

प्रश्न 02 : जिम्मी वेल्स और और लेरी सेंगर ने किस वेबसाइट को प्रारम्भ किया ?

(क) याहू (ख) विकिपीडिया
(ग) गूगल (घ) रीडिफ़

प्रश्न 03 : निम्नलिखित में से किसे 'ऑनलाइन डायरी' कहा गया है ?

(क) ब्लॉग (ख) वेबसाइट
(ग) विकिपीडीया (घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 04 : इनमें से कौनसी वेबसाइट का प्रयोग ई-पत्र के लिए नहीं किया जाता है –

(क) जीमेल (ख) हॉटमेल
(ख) याहू (घ) यूट्यूब

प्रश्न 05 : इनमें से कौनसी वेबसाइट एक सरकारी ई-पोर्टल है –

(क) http://www.caclubindia.com
(ख) http://www.currentscience.ac.in
(ग) http://www.india.gov.in
(घ) http://google.co.in

*प्रश्न जारी …⇒*

**लघु उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 200 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 05 × 03 =15)

प्रश्न 06 : गूगल द्वारा विकसित हिन्दी के प्रमुख अनुप्रयोगों के बारे में बताइए।

प्रश्न 07 : प्रोग्रामिंग भाषाओं और प्राकृतिक भाषाओं में अन्तर को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 08 : ई-पत्रिकाएँ किसे कहते हैं ? हिन्दी ई-पत्रिकाओं के बारे में आप क्या जानते हैं ?

प्रश्न 09 : यूनिकोड क्या है ? इसे परिभाषित करते हुए फॉन्ट और यूनिकोड में अन्तर बताइए।

प्रश्न 10 : ई-महाशब्दकोश पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** (उत्तर सीमा : लगभग 800 शब्द)

(किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (अंक 15 × 03 =45)

प्रश्न 11 : हिन्दी में कंप्यूटिंग के विकास-क्रम को समझाइए।

प्रश्न 12 : हिन्दी के भाषा संसाधन सम्बन्धी सॉफ्टवेयरों का विस्तृत विवेचन कीजिए।

प्रश्न 13 : वेब डिज़ाइनिंग किसे कहते हैं ? एक सामान्य वेबसाइट के मूल आकार तथा उसमें सम्मिलित तकनीक पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 14 : विकिपीडिया पर नया लेख बनाने की प्रक्रिया पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 15 : साइबर अपराध क्या है ? विस्तारपूर्वक चर्चा कीजिए।

❖❖❖